दिनांक 20.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आज समस्त विभागों एवं विभाग प्रमुख से मुलाकात करते हुए निरीक्षण किया। आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम स्टेनो कक्ष का निरीक्षण करते हुए ऑनलाईन एन्ट्री करवाने के निर्देश स्टेनों टु आयुक्त कक्ष को दिये कि वह जल्द ही ऑनलाईन करवाये। तद्पश्चात् स्टेनो कक्ष से लगे हुए शौचालय एवं मुत्रालय का भी निरीक्षण करते हुए राजस्व विभाग, सूचना विभाग, निगम सचिवालय कक्ष को देखा जिसमें राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर द्वारा आयुक्त महोदय का ध्यानाकर्षण करते हुए दीवार में पड़ी दरारों का जिक्र किया, आयुक्त महोदय ने नये भवन के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा करते हुए जल्द ही इस कार्यवाही करने का आश्वासन दिये। आयुक्त महोदय द्वारा शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग का अवलोकन करते हुए जनसम्पर्क विभाग, सिटी बस, स्थापना कक्ष, लेखाकक्ष का भ्रमण करते हुए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कक्ष में पहुंचे वहां पर विभाग के प्रभारी आर0के0 साहू द्वारा बताया गया कि यहां पर बैठने की जगह बहुत कम है। जगह सीमित है आयुक्त महोदय उसके बगल वाले कक्ष जनगणना शाखा पहुंचे उन्होने कुछ ,ााली टेबल देखकर कहा कि आप के स्टाफ यहां भी बैठकर कार्य कर सकतें हैं।

आयुक्त महोदय ने आगे महापौर कक्ष में प्रवेश किया और महापौर जी मुलाकात करते हुए चर्चा की। आयुक्त महोदय द्वारा वाहन शाखा पहुंचने पर एस0पी0 साहू से वाहनों को जीपीएस के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिये और सभी की उपस्थिति निश्चित हो तथा अटेंडेंस में बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उसके बाद आयुक्त महोदय द्वारा प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा वहां किसी भी उप अभियंता की नियुक्ति कर कार्य सुचारु रुप से व्यवस्थित करने के निर्देश उपायुक्त अशोक द्विवेदी को दिये गये। आयुक्त महोदय ने यह भी देखा कि सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी समय पर आ रहें हैं कि नही तथा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर पहुंचकर कार्य करने हेतु निर्देशित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी